छत्तीसगढ़ में बेरोज़गारी दर राष्ट्रीय दर से आधी

चर्चा में क्यों?

16 सतिंबर, 2021 को सेंटर फॉर मॉनटिरगि इंडयिन इकॉनमी द्वारा जारी रपिोर्ट के मुताबकि **छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोज़गारी दर राष्ट्रीय दर की तुलना में मात्र आधी** है। छत्तीसगढ़ में बेरोज़गारी की दर **3.8 प्रतशित** है, जबकि राष्ट्रीय बेरोज़गारी दर **7.6 प्रतशित** है।

प्रमुख बदिु

- आँकड़ों के अनुसार बेरोज़गारी दर आंध्र प्रदेश में 6.5 प्रतशित, बहिार में 13.6, राजस्थान में 26.7, तमलिनाडु में 6.3, उत्तर प्रदेश में 7, उत्तराखंड में 6.2, दल्लिी में 11.6, गोवा में 12.6, असम में 6.7, हरयिाणा में 35.7, जम्मू-कश्मीर में 13.6, केरल में 7.8, पंजाब में 6, झारखंड में 16 तथा पश्चमि बंगाल में 7.4 प्रतशित है।
- छत्तीसगढ़ राज्य की स्थतिि उक्त राज्यों से कई गुना बेहतर है। यह राज्य सरकार के कुशल प्रबंधन का परणिाम है।
- उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है। राज्य की **74 फीसद आबादी गाँवों में** नविास करती है तथा उसके जीवनयापन का आधार **कृषि और वनोपज** है।
- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्त्व में राज्य सरकार द्वारा **कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था** को बेहतर बनाने के लगातार प्रयास के चलते गाँवों की अर्थव्यवस्था को गतमिलिी है। गाँवों में रोज़गार के अवसर भी बढ़े हैं।
- कोरोना संक्रमण काल के दौरान मनरेगा के कामों को बेहतर तरीके से संचालति करने के साथ ही धान खरीदी, लघु वनोपज के संग्रहण, खरीदी एवं प्रोसेसगि की व्यवस्था को भी चालू रखा गया, जसिसे गाँवों में लोगों को नरिंतर रोज़गार सुलभ हुआ है।
- छत्तीसगढ़ सरकार की **सुराजी गाँव योजना, गोधन न्याय योजना,** राजीव गांधी कसािन न्याय योजना ने भी ग्रामीण अंचल में अर्थव्यवस्था को गतशिील बनाए रखने में मदद की है।
- सरकार की उक्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों, कसािनों, पशुपालकों, मनरेगा के श्रमकिों, वनोपज संग्राहकों को सीधे मदद मुहैया कराई गई। इसका परणिाम यह रहा कि मार्केट में कैश फ्लो और रौनक कायम रही, जसिसे राज्य में बेरोज़गारी दर को नयिंत्रति करने में मदद मलिी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unemployment-rate-in-chhattisgarh-is-half-of-the-national-rat